बिज़नेस स्टैंडर्ड
भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार
MUMBAI | MONDAY, 23 DEC 2024

आयकर व्यवस्था में सुधार आवश्यक

भारत की आयकर व्यवस्था देश के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, लेकिन समय के साथ इसमें सुधार की आवश्यकता है। करदाताओं के लिए इसे सरल, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाना आवश्यक है। आयकर प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत है। जटिल नियम और प्रक्रियाएं कई बार करदाताओं को भ्रमित करती हैं। डिजिटल पोर्टल को उपयोगकर्ता के और अधिक अनुकूल बनाने की जरूरत है। विभिन्न आय वर्गों के लिए कर दरों का पुनरीक्षण आवश्यक है। मध्यम वर्ग पर कर का भार कम करना चाहिए। बचत और निवेश को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और हरित ऊर्जा निवेश के लिए विशेष छूट दी जा सकती है। कर चोरी की समस्या से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक एआई का उपयोग करने के साथ सख्त दंड और निगरानी तंत्र लागू किया जाए। ग्रामीण और असंगठित क्षेत्र के लोगों को कर प्रणाली में लाने के लिए जागरूकता अभियान और प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करनी चाहिए।

बातचीतः सुशील मिश्र

अक्षत खेतान

कानूनी एवं कॉर्पोरेट सलाहकार एवं संस्थापक, एयूसीएल